2023-24 खरीफ मौसम के लिए धान की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,911 रुपये प्रति क्विंटल

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2023-24 खरीफ विपणन मौसम के लिए भारत की खरीफ फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है। इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने रबी फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 7 जून, 2023 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं। आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आगामी ख़रीफ़ मौसम में धान के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 1,911 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। धान की सामान्य और ग्रेड किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और 2,203 रुपये प्रति क्विंटल है।

2023-24 खरीफ मौसम के लिए मक्का की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,797 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि इसका समर्थन मूल्य 2,090 रुपये प्रति क्विंटल है।

मोटे अनाजों में, बाजरे की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,811 रुपये प्रति क्विंटल के साथ सबसे कम है। इसके बाद ज्वार और रागी की उत्पादन लागत क्रमशः 2,833 रुपये प्रति क्विंटल और 3,328 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है।

बाजरा, ज्वार (मलदंडी), ज्वार (हाइब्रिड) और रागी का एम एस पी क्रमशः 2,500 रुपये प्रति क्विंटल, 3,180 रुपये प्रति क्विंटल, 3,225 रुपये प्रति क्विंटल और 3,846 रुपये प्रति क्विंटल है।

खरीफ दालों में तुअर (अरहर), उड़द और मूंग की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 5,993 रुपये प्रति क्विंटल, 6,239 रुपये प्रति क्विंटल और 7,218 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है। 2023-24 खरीफ मौसम के लिए तुअर (अरहर), उड़द और मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 7,000 रुपये प्रति क्विंटल, 6,950 रुपये प्रति क्विंटल और 8,558 रुपये प्रति क्विंटल है।

2023-24 खरीफ के लिए तिलहनों में मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और नाइजरसीड की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 5,350 रुपये प्रति क्विंटल, 5,960 रुपये प्रति क्विंटल, 4,019 रुपये प्रति क्विंटल और 7,864 रुपये प्रति क्विंटल लगाई गई है।

मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और नाइजरसीड का समर्थन मूल्य क्रमशः 6,377 रुपये प्रति क्विंटल, 6,760 रुपये प्रति क्विंटल, 4,600 रुपये प्रति क्विंटल और 8,635 रुपये प्रति क्विंटल लगाई गई है।

सी ए सी पी की गणना के अनुसार 2023-24 खरीफ मौसम के लिए कपास की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 5,786 रुपये प्रति क्विंटल है। मध्यम और लंबे रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 6,620 रुपये प्रति क्विंटल और 7,020 रुपये प्रति क्विंटल है।

2023-24 खरीफ विपणन मौसम के लिए फ़सलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और एम एस पी

फ़सल	अनुमानित उत्पादन (क्विंटल प्रति हेक्टेयर)	2023-24 खरीफ विपणन मौसम की अनुमानित उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल)			2023-24 का एम एस पी (रुपये/ क्विंटल)
		*ए2	**ए2+एफएल	*सी2	
धान (सामान्य)	43.66	1,129	1,455	1,911	2,183
धान (ग्रेड ए)					2,203
ज्वार (हाइब्रिड)	13.56	1,595	2,120	2,833	3,180
ज्वार (मलदंडी)					3,225
बाजरा	16.87	809	1,371	1,811	2,500
रागी	19.02	1,857	2,564	3,328	3,846
मक्का	36.96	1,086	1,394	1,797	2,090
तुअर (अरहर)	11.68	3,452	4,444	5,993	7,000
मूंग	4.87	3,495	5,705	7,218	8,558
उड़द	6.02	3,548	4,592	6,239	6,950
मूंगफली	15.89	3,564	4,251	5,350	6,377
सूरजमुखी के बीज	8.65	3,759	4,505	5,960	6,760
सोयाबीन (पीली)	12.42	2,636	3,029	4,019	4,600
तिल	5.09	3,424	5,755	7,864	8,635
नाइजरसीड	3.69	1,876	5,156	6,793	7,734
कपास (मध्यम रेशा)	15.99	3,615	4,411	5,786	6,620
कपास (लंबा रेशा)					7,020

स्रोत: सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत [भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)]